तेरे चरणों में जीवन बिताऊं

तेरे चरणों में जीवन बिताऊं सुबह शाम,
मेरे श्याम, मेरे श्याम,
मेरे प्यारे घनश्याम।
लबो पे रहता है बस तेरा ही नाम,
मेरे श्याम, मेरे श्याम,
मेरे प्यारे घनश्याम।
बांके बिहारी तू है बांके बिहारी,
बिगड़ी बनाता सबकी मदन मुरारी।

तुझसे से मेरी दिन कटे,
तुझसे मेरी रात मोहन,
हर रोज़ तुम सपनों में,
करते हो मुलाक़ात मोहन,
तुझे अंतरआत्मा से करूँ मैं प्रणाम,
मेरे श्याम, मेरे श्याम,
मेरे प्यारे घनश्याम।
लबों पे रहता है बस तेरा ही नाम,
मेरे श्याम, मेरे श्याम,
मेरे प्यारे घनश्याम।

तेरे दर पे ख़ुशियाँ बरसे,
जो आता सुख पाता है,
बंशी अपना बजाके मोहन,
सबको तू लुभाता है,
तेरा गाउँ मैं भजन,
बस यही है मेरा काम,
मेरे श्याम, मेरे श्याम,
मेरे प्यारे घनश्याम।
लबों पे रहता है बस,
तेरा ही नाम,
मेरे श्याम, मेरे श्याम,
मेरे प्यारे घनश्याम।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/23354/title/tere-charno-me-jivan-bitaau

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |